# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर, बीदासर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी : – श्योराम वर्मा आर. ए. एस.

न. मु. 2/2020

स्व. मालाराम पुत्र जेठाराम जाति जाट निवासी बीदासर

1 1/1 चौथी देवी पत्नी स्व. मालाराम जाति जाट निवासी बीदासर
2 1/2 भंवराराम
3 1/3 चूनाराम
4 1/4 अमराराम
5 1/5 पुनी देवी
6 1/6 भगवानीदेवी
7 1/7 नारायणीदेवी
8 1/8 नोरतीदेवी

(1/2 से 1/8 तक) पुत्रान पुत्रीयॉं स्व. मालाराम जाति जाट निवासी बीदासर

**स्व. रामूराम पुत्र मालाराम जाट**

9 2/1 लिछमादेवी पत्नी स्व. रामूराम जाति जाट निवासी बीदासर
10 2/2 मानाराम
11 2/3 सुरजाराम
12 2/5 समेरीदेवी
13 2/6 लादुदेवी
14 2/7 चुका
15 2/8 पप्पुदेवी
16 2/9 कमलादेवी
17 2/10 मैनादेवी

(2/2 से 2/10 तक) पुत्रान पुत्रीयां स्व. रामूराम जाति जाट निवासी बीदासर

डिक्रीदारान्

18 2/4 पन्नाराम पुत्र रामूराम जाट निवासी बीदासर
19 3/1 भंवरी देवी पुत्री स्व.कमा देवी जाति जाट निवासी बीदासर
20 3/2 श्रवणराम पुत्र कमलादेवी जाति जाट निवासी बीदासर
21 3/3 दीपाराम पुत्र कमलादेवी जाति जाट निवासी बीदासर
22 3/4 मंजू पुत्री कमलादेवी जाति जाट निवासी बीदासर
23 3/5 पुष्पा पुत्री कमला देवी जाति जाट निवासी बीदासर
24 3/6 मूलाराम पुत्र कमलादेवी जाति जाट निवासी बीदासर
25 3/7 गणपतराम पुत्र कमलादेवी जाति जाट निवासी बीदासर
26 3/8 रामाकिशन पुत्र कमलादेवी जाति जाट निवासी बीदासर
27 3/9 पप्पुराम पुत्र कमलादेवी जाति जाट निवासी बीदासर
28 3/10 संतोष पुत्री कमला देवी जाति जाट निवासी बीदासर
29 4/1 तीजू देवी पत्नी शिवदान जाति जाट निवासी बीदासर
30 4/2 सावित्री पुत्री शिवदान जाति जाट निवासी बीदासर

गौण डिक्रीदारान्

**बनाम**

स्व. मुलाराम पुत्र हुलासाराम जाति नाई निवासी बीदासर
1/1सीताराम पुत्र स्व. मुलाराम जाति नाई निवासी बीदासर
1/2 औमप्रकाश पुत्र स्व. मुलाराम जाति नाई निवासी बीदासर
1/3 राजकुमार पुत्र स्व. मुलाराम जाति नाई निवासी बीदासर
1/4 कैलाशचन्द पुत्र स्व. मुलाराम जाति नाई निवासी बीदासर
1/5 मंजूदेवी पुत्री स्व. मुलाराम जाति नाई निवासी बीदासर
1/6 संजूदेवी पुत्री स्व. मुलाराम जाति नाई निवासी बीदासर

मदयूमान

Signature Not Verified
Digitally signed by Sheoram Verma
Date: 2021.08.10 17:06:33 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बीदासर जिला-चूरू
सत्यमेव जयते

Scanned by CamScanner

# इजराय

उपस्थित :- डिक्रीदारान् - मोहम्मद शाहिद एडवोकेट

## आदेश

दिनांक :- 01/01/2021

डिक्रीदारान् ने इजराय न्यायालय श्रीमान सहायक कलेक्टर सुजानगढ़ (चूरू) द्वारा मुकदमा नम्बर 28/89 अनुवानी मुलाराम बनाम मालाराम निर्णय एवं डिक्री दिनांक 23/3/1991 की पालना हेतू आवेदन पत्र दिनांक 16/09/2020 को जरिये अधिवक्ता प्रस्तुत की है। मदयूमान को नोटिस जारी किये गये। मदयूमान बावजूद तामील हाजिर अदालत नहीं आये। मदयूमान को पूर्ण अवसर देने के बावजूद हाजिर अदालत नहीं आकर जवाब इजराय प्रार्थना पत्र नहीं देने के कारण मदयूमान के खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। डिक्रीदारान् ने प्रार्थना पत्र वास्ते लिपिकीय त्रुटी दुरुस्त करने का प्रस्तुत किया। जिसे स्वीकार कर शामिल पत्रावली किया।

प्रकरण में प्रस्तुत न्यायालय श्रीमान सहायक कलेक्टर सुजानगढ (चूरू) की पत्रावली नम्बर मुकदमा 28/89 अनुवानी मुलाराम बनाम मालाराम निर्णय एवं डिक्री दिनांक 23/3/1991 के आदेश " **उपरोक्त वाद बिन्दुओं के निष्कर्ष एवं निर्णय के अनुसार वादी मूलाराम का वाद सख्या 28/89 अनुवानी मूलाराम बनाम मालाराम आदि प्रमाणित नहीं होने के कारण खारिज किया जाता है। वादी मालाराम का वाद सख्या 134/78 अनुवानी मालाराम बनाम राजस्थान सरकार व अन्य डिक्री कर घोषित किया जाता है कि वादग्रस्त भूमि खसरा नम्बर 1046/1 तादादी 38 बीघा 5 बिश्वा भूमि का वादी मालाराम पुत्र जेठाराम खातेदार कृषक है। प्रतिवादी मूलाराम के नाम से वर्तमान रेकार्ड में जो खातेदारी दर्ज है वह गलत एवं अवैध है। रेकार्ड दुरूस्त कर ख.न. 1046/1 की खातेदारी वादी मालाराम की दर्ज की जावे। पर्चा डिक्री तैयार कर सामिल किया जावे। खर्चा मुकदमा पक्षकार अपना-2 वहन करें।**" का ससम्मान अवलोकन किया। डिक्रीदारान् के अधिवक्ता की बहस पर मनन किया। डिक्रीदारान् ने अपनी बहस प्रार्थना पत्र में निवेदन किया की डिक्रीदारान् के पिता/दादा/नाना मु.न. 28/89 के प्रतिवादी स. 1 एवं प्रकरण स. 134/78 का वादी मालाराम पुत्र जेठाराम जाति जाट निवासी बीदासर एक काश्त पैशा अनपढ़ व्यक्ति थे जिनको न्यायालय के निर्णय एवं डिक्री दिनांक 23/3/1991 के आधार पर खातेदारी में नामान्तरकरण दर्ज करवाने की जानकारी नहीं होने के कारण निर्णय एवं डिक्री की पालना नहीं करवाई जा सकी तथा विवादित खेत खसरा नम्बर 1046/1 रकबा 38-05 बीघा वाके रोही बीदासर हाल रोही हरिनगर पर कब्जा काश्त पूर्वजों के वक्त से ही डिक्रीदारान् का होने के कारण राजस्व रेकार्ड का कभी डिक्रीदारान् ने ज्ञान नहीं किया। हस्तगत निर्णय एवं डिक्री दिनांक 23/03/1991 के खिलाफ किसी न्यायालय में कोई अपील नहीं की गई है।

डिक्रीदारान् का डिक्री निष्पादन का आवेदन स्वीकार किया जाकर तहसीलदार बीदासर को आदेशित किया जाता है कि रोही बीदासर हाल हरिनगर के खेत खसरा नम्बर 1046/1 रकबा 9.6745 हैक्टेयर (38-05 बीघा) की खातेदारी प्रकरण स. 28/89 अनुवानी मूलाराम बनाम मालाराम के प्रतिवादी स. 1 स्व. मालाराम पत्र जेठाराम जाति जाट निवासी बीदासर के वारिस डिक्रीदार श्रीमती चौथी देवी पत्नी स्व. मालाराम हिस्सा 1/10, भंवरराम, चुनाराम, अमराराम, पुनीदेवी, भगवानी देवी, नारायणी देवी, नोरती देवी पुत्रान पुत्रीयॉं स्व. मालाराम हिस्सा 7/10 हिस्सा ब. हि. बराबर व लिछमा देवी पत्नी रामूराम एवं मानाराम, सुरजाराम, पन्नाराम, समेरी देवी, लादु देवी, चुका, पप्पु, कमला देवी, मैनादेवी पुत्रान पुत्रीयॉं स्व. रामूराम हिस्सा 10/110 ब.हि. बराबर, तीजू देवी पत्नी शिवदान, सावित्री पुत्री शिवदान हिस्सा 1/110 ब.हि. बराबर तथा भंवरी देवी, श्रवणराम, दीपाराम, मन्जू, पुष्पा, मूलाराम, गणपतराम, रामाकिशन, पप्पुराम, संतोष पुत्रान पुत्रीयॉं कमलादेवी पुत्री मालाराम हिस्सा 1/10 ब.हि. बराबर जाति जाट निवासी बीदासर खातेदार के नाम दर्ज की जावे। पत्रावली फैसल शुमार [illegible]

निर्णय दिनांक 01/01/2021 को सरे इजलास सुनाया [illegible]

Signature Not Verified
Digitally signed by Sheoram Verma
Date: 2021.08.10 17:06:33 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर

Scanned by CamScanner